अमर उजाला 12/10/2023

रैली निकाल कर दिया बेटी बचाने का संदेश

जागरूकता रैली के दौरान मौजूद प्रोफेसर व छात्र-छात्राएं। स्रोत : संस्था

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज के अंग्रेजी विभाग ने बुधवार को अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर जन-जागरूकता रैली एवं पोस्टर बनाओ और स्लोगन-लेखन प्रतियोगिता का आयोजन विभागाध्यक्ष डॉ. अमित की देख-रेख में किया गया। प्राचार्य डॉ रोहित दत्त ने बालिकाओं को अच्छा स्वास्थ्य, अच्छी शिक्षा और समानता पूर्ण व्यवहार आदि प्रदान करने पर जोर दिया।

संयोजिका डॉ. नीना ने बेटी बचाने का संदेश देते हुए रैली की शुरुआत की। कार्यक्रम में अंग्रेजी विभाग से डॉ कमलेश कुमारी, डॉ ज्योति, मैडम महक ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।